**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 997**
**सोमवार, 02 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**ईपीएफओ द्वारा निवेश**

**997. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियनः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने ऋण लिखतों और 'एक्सचेंज ट्रेडिड फंड' में भारी धनराशि का निवेश किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत सात वर्षों के प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा शेयर बाजार और संबंधित उत्पादों में निवेश की गई कुल राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान 'ब्लू चिप' कंपनियों के शेयरों में निवेश की गई ईपीएफ की कुल राशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क): निधियों का निवेश वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्या 11/14/2013-पीआर, दिनांकित 2 मार्च, 2015 द्वारा अधिसूचित निवेश पैटर्न के अनुसार तथा सीबीटी, ईपीएफ द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है। तदनुसार, ईपीएफओ ने निर्धारित पैटर्न के अनुसार ऋण प्रतिभूतियों और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड, दोनों में निवेश किया है। दिनांक 31.03.2015 को आयोजित कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की 207वीं बैठक के अनुमोदन के अनुसार, ईपीएफओ ने अगस्त 2015 से एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में निवेश शुरू कर दिया है।

ईपीएफओ द्वारा प्रबंधित विभिन्न निधियों का कुल कार्पस दिनांक 31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार 24.75 लाख करोड़ रुपये था।

जारी...2/-

(करोड़ रूपये में)

| ऋण निवेश (भारत के लोक लेखे में रखी गई राशि सहित) | ईटीएफ निवेश |
|---|---|
| 22,40,922.30 | 2,34,921.49 |

(ख): ईपीएफओ इक्विटी बाजार में किसी भी व्यष्टि स्टॉक में सीधे निवेश नहीं करता है।

ईपीएफओ नियमित रूप से एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के माध्यम से इक्विटी बाजारों में निवेश करता है, जो बीएसई-सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी-50 सूचकांकों की प्रतिकृति हैं। इसके अतिरिक्त, ईपीएफओ ने समय-समय पर उन ईटीएफ में भी निवेश किया है, जिनका निर्माण विशेष रूप से निकाय कारपोरेटों में भारत सरकार की शेयरधारिता के विनिवेश के लिए किया गया है, नामत: ईटीएफ ट्रैकिंग भारत 22 और सीपीएसई सूचकांक।

ईपीएफओ द्वारा ईटीएफ में किया गया वर्ष-वार निवेश निम्नानुसार है:-

पिछले 7 वर्षों में ईपीएफओ के ईटीएफ निवेश के आंकड़े (करोड़ रुपये में)

| **वित्तीय वर्ष** | **ईटीएफ** |
|---|---|
| **2017-18** | 22,765.99 |
| **2018-19** | 27,974.25 |
| **2019-20** | 31,501.11 |
| **2020-21** | 32,070.84 |
| **2021-22** | 43,568.08 |
| **2022-23** | 53,081.26 |
| **2023-24** | 57,184.24 |
| **2024-25 (अक्टूबर 2024 तक)** | 34,207.93 |

(ग): ईपीएफओ का इक्विटी बाजार में किसी भी सूचीबद्ध/गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के इक्विटी शेयरों में कोई प्रत्यक्ष निवेश नहीं है।

****